## एक नजर में

### लाठी माहेश्वरी महिला संगठन जिला की महामंत्री निर्वाचित



**सोनकच्छ।** माहेश्वरी महिला संगठन सोनकच्छ की पूर्व सचिव, माहेश्वरी महिला संगठन जिला देवास की सत्र 2023-26 की संगठन मंत्री, पश्चिमी मध्यप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन व अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की कार्यसमिति सदस्य, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रांतीय उपाध्यक्ष, वनबंधु परिषद महिला सहसमिति चेप्टर सोनकच्छ की संस्थापक अध्यक्ष व नगर की अनेक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़ी समाजसेवी मनीषा गगन लाठी को शिवपुर मातमोर में हुए देवास जिला माहेश्वरी महिला संगठन के सत्र 2026 -29के लिए हुए निर्वाचन में निर्विरोध जिला महामंत्री निर्वाचित हुई । उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें समाजजनों, इष्टमित्रों,महिला संगठनों की बहनों, परिजनों ने हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएँ की।

### खुशी लाल की नियुक्ति पर हर्ष



**देवास।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री पद पर देवास जिले के खुशी लाल राठौड को प्रदेश नेतृत्व द्वारा नियुक्त किए जाने पर संपूर्ण देवास जिले एवं उज्जैन संभाग में कार्यकर्ताओं में हर्ष है खुशी लाल राठौर को प्रदेश मंत्री पद प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा नियुक्त किया गया है नियुक्ति पर भाजपा एवं मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है नियुक्ति पर अटल फाउंडेशन के संभागीय अध्यक्ष चापडा सरपंच नाथू सिंह सेंधव जिला अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह नेताजी वरिष्ठ पत्रकार एवं एडवोकेट बागली प्रवीण चौधरी वागली विधानसभा इकाई अध्यक्ष सरपंच लखन लाल उईकै पलासी सरपंच रणछोड़ किराडे रघुनाथ नायक महेश नायक घनश्याम पटेल सुनील पटेल पवन नागर बरोठा जितेंद्र यादव नांदेल संतोष चौबे रामचंद्र जाटव देवेंद्र जारवाल राजेश जाट बधावा सरपंच आनंद जोनवाल हरिओम परमार अशोक यादव हीरालाल गहलोत सुरेश वर्मा जगदीश परसाई अशोक कुमावत रामस्वरूप गहलोत सुरेंद्र सोलंकी राजेश तंवर गहली योगेश पांचाल मोनू अग्रवाल शैलेश वाजपेई राकेश परमार संदीप चौहान आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मंगल धाम जामगोद में रुद्रयज्ञ व रामकथा 22 से



**सोनकच्छ ।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर व ऋषि महाराज के पावन स्थान पर ब्रह्मलीन गुरुदेव रामरतन दास की प्रेरणा से मंगल धाम जामगोद पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 13 गांव की समिति द्वारा सात दिवसीय रूद्रयज्ञ व राम कथा ज्ञान गंगा का आयोजन 22 फरवरी से प्रारंभ होगा।इस अवसर पर 7 दिनों तक मेले का भी आयोजन किया जाएगा। ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 गुरुदेव रामरतन दास महंत की प्रेरणा से शुरू किया गया है।यह धार्मिक अनुष्ठान कथा व्यास संत श्री गोविंद जाने एवं यज्ञाचार्य पंडित जितेंद्र शास्त्री के सानिध्य में संपन्न होगा।श्री मंगल धाम पर यज्ञिक कार्यक्रम अन्तर्गत 22 फरवरी रविवार हेमाद्री संकल्प व देवता आव्हान, 23 फरवरी सोमवार को अग्नि स्थापना, 28 फरवरी शनिवार को पूर्णाहुति ,शोभायात्रा, प्रसाद वितरण व भण्डारा भी रखा गया है। समिति ने धर्म प्रेमी जनता से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रधारकर होने वाली श्रीराम कथा का प्रतिदिन लाभ ले व प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से देवनारायण की कथा प्रभुलाल पंडा मगरिया द्वारा की जाएगी। समिति द्वारा अन्तिम दिन 28 फरवरी को सामुहिक विवाह भी कराया जाएगा।जानकारी मंगल धाम के पुजारी पंडित बाबुलाल शर्मा द्वारा दी गई है।

### तालाबंदी की तो 3 व्यवसाईयों ने राशि जमा कराई




**देवास।** निगम राजस्व विभाग की टीम के द्वारा सख्ती से कुर्की व तालबंदी जैसी कार्रवाई निरंतर की जा रही है। कार्रवाई के दौरान 1 लाख 10 हजार की राशि वसुली भी की गई।इसी अन्तर्गत प्रतिदिन बकायादरों पर कुर्की की व दुकान तालाबंदी की कार्रवाई निगम की टीम कर रही है। शुक्रवार 20 फरवरी को निगम की टीम के द्वारा वार्ड 34 नयापुरा स्थित भवन पर संपत्तिकर राशि 31 हजार बकाया होने पर भवन स्वामि जमनाबाई उंकारलाल गुर्जर को सूचना पत्र दिये जाने के उपरांत भी राशि जमा नही करने पर भवन निर्मित दुकान पर कुर्की की कार्रवाई कर तालाबंदी की गई। निरंतर कार्रवाई के दौरान तुकोगंज रोड स्थित दुकानों टीम द्वारा तालाबंदी कार्रवाई के दौरान संबंधित 3 व्यवसाईयों से 1 लाख 10 हजार की बकाया संपत्तिकर की राशि जमा कराई। कार्रवाई मे निगम राजस्व उपनिरीक्षक संजय सांगते, सहायक राजस्व निरीक्षक हेमन्त धुरिया, शिरोमणीसिंह कुशवाह, गौतम तिवारी, सहायक सादिक खान, दिलीप तापकीर उपस्थित रहे।

### महेर को दी श्रद्धांजलि

**देवास।** ग्राम जिलवानी के महेर परिवार के स्वर्गीय नर्मदा प्रसाद महेर की धर्मपत्नी दिनेश महेर मंत्री की माताजी एवं राजेश महेर पुवं सरपंच की बड़ी मां नबू बाई महेर का ग्राम में दुखद निधन हो गया वै धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी दुखद निधन पर संपूर्ण क्षेत्र वासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल महामंत्री संतोष चौबे अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू घनश्याम पटेल बावड़ीखेडा सरपंच पलासी लखन लाल उईकै रतनलाल गोमलाडू मांगीलाल सीरा सरपंच रघुवीर तोमर ओमप्रकाश गोमलाडू हरिओम जारेडा दिपचन्द गवली कन्हैया मुकाती छगन मुकाती शिवप्रसाद महेर हेमू डेरा सरपंच आनंद जोनवाल लक्ष्छीराम उईकै निमलाय हीरापुर सरपंच लक्ष्मण सिंह रविंद्र दरबार जगदीश परसाई राजेश जोनवाल संतोष सेल्समैन हरीश तिवारी रघुनाथ नायक महेश नायक राहुल दीक्षित सहित अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कि है।

### समर्पण राशि एकत्रित की



**टोंक खुर्द।** नगर टोंक खुर्द के भाजपा युवा नेता लाखन सिंह गालोदिया द्वारा नगर मे घर-घर जाकर भाजपा की समर्पण राशि एकत्रित की। समर्पण राशि सहयोग कर्ता नगर परिषद टोंक खुर्द वार्ड नंबर 2 के पार्षद ओमप्रकाश (पप्पू) गालोदिया, भाजपा कर्ता रामस्वरूप गालोदिया,सुरेश अधिकारी, भाजपा नेता निर्भय सिंह कराड़ा आदि ने की।

## बस चालकों की हड़ताल, ड्राइवरों पर धारा 151 हटाने की मांग





**बसों की रेस के वीडियो सामने पर हुई थी कार्रवाई**

**देवास।** देवास में बस चालकों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। चालकों की मुख्य मांग उन पर लगाई जा रही धारा 151 को हटाने की है।

हड़ताल के चलते इंदौर-देवास रूट पर चलने वाली 60 से अधिक बसें बंद हो गई हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर बसों को तेज रफ्तार से चलाने और रेस लगाने के कुछ वीडियो वायरल हुए थे। प्रशासन ने इनका संज्ञान लेते हुए कुछ बस ड्राइवरों पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की थी। इसी के विरोध में यह हड़ताल बुलाई गई है।

### यात्री हो रहे परेशान

बसों का संचालन बंद होने से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा ट्रैफिक टीआई पवन बागड़ी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। तेज रफ्तार और रेस जैसी गतिविधियों की शिकायतें मिलने पर कार्रवाई की जा रही है और आगे भी जारी रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए शाजापुर या अन्य स्थानों से आने वाली बसों को सीधे इंदौर भेजा जा रहा है।

### चालकों का आरोप

बस चालकों का कहना है कि छोटे-मोटे हादसों में भी पुलिस सीधे धारा 151 लगाकर ड्राइवरों को जेल भेज देती है। उनका तर्क है कि कई बार दुर्घटनाओं में ड्राइवर की गलती नहीं होती, फिर भी उन पर सख्त कार्रवाई की जाती है। ड्राइवर इमरान खान ने कहा कि वे बस चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन छोटी घटनाओं में भी उन्हें जेल भेज दिया जाता है, जो उचित नहीं है।

## ऑयल पेंट के डिब्बों में धमाका



**छत पर एक साल से रखे थे गैस बनने के कारण दबाव बढ़ा**

**देवास।** शहर के शालिनी रोड स्थित एक मकान की छत पर रखे पुराने ऑयल पेंट के डिब्बों में अचानक धमाका हो गया। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई और लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही नाहर दरवाजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने घटनास्थल का मुआयना किया और जांच पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी सोलंकी ने बताया कि छत पर तीन से चार ऑयल पेंट के डिब्बे रखे हुए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इन डिब्बों में संभवत: गैस बनने के कारण दबाव बढ़ गया, जिससे वे फट गए। पुलिस ने सभी डिब्बों को जब्त कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। शब्बीर हुसैन नामक व्यक्ति ने बताया कि ये पुराने ऑयल पेंट के डिब्बे लगभग एक साल से छत पर रखे थे और गैस भरने से ही फटे हैं।

## इकलेरा बगदी नाला व ब्रिज निर्माण में लगाई जा रही घटिया सामग्री

**लोक निर्माण विभाग एवं ठेकेदार की लापरवाही**



**टोंक खुर्द।** लोक निर्माण विभाग योजना के अंतर्गत करोड़ों की लागत योजना से ग्राम इकलेरा माताजी के बंगदी नाला एवं ग्राम जीवाजीगढ़ की खाड़ी के नाला पर नवनिर्मित निर्माण कार्य बड़ा पुल(ब्रिज) बनाने का निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा हल्के सरिया का उपयोग किया जा रहा है।लोक निर्माण विभाग की गंभीर लापरवाही के कारण निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है किऐसे हल्के सरिया से भविष्य में पुल(ब्रिज) धंस सकता है। क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मांग की है कि शीघ्र अति शीघ्र ओचक निरीक्षण करे एवं संबंधित जवाबदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जावे। उक्त जनहित में मुद्दा उठाने वाले भाजपा वरिष्ठ नेता निर्भय सिंह कराड़ा,लाड सिंह कराड़ा, भारत सिंह कुशवाह, सौदान सिंह चौधरी, मुबारिक खान मंसूरी, सज्जन सिंह गोलावटिया आदि क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया।

## ब्लॉक कांग्रेस ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों का पुतला फूंका



**देवास।** प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सर्वश्री ईशान राणा, प्रतीक शास्त्री, रूपेश कल्याणे, नीरज नागर और दिलीप सिंह सोलंकी के नेतृत्व में स्थानीय सयाजी द्वार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं मंत्रियों के पुतले जलाए गए। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में ट्रेड डील की है, जिसकी देशभर में आलोचना हो रही है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने अब तक तीनों दोषी मंत्रियों को पद से नहीं हटाया है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार कफ सिरप पीने से सैकड़ों बच्चों की मौत हुई, दूषित जल पीने से इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में कई लोगों की जान गई, तथा सेना और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के मामले में मंत्री विजय शाह की टिप्पणी को न्यायालय ने भी अनुचित माना है।

इन घटनाओं को लेकर उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, मंत्री विजय शाह एवं कैलाश विजयवर्गीय के विरोध में भी पुतले जलाए गए। श्री गौतम एवं श्री चौधरी ने कहा कि इन घटनाओं के बावजूद संबंधित मंत्रियों के इस्तीफे नहीं लिए जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर यह प्रदर्शन किया गया है। आगामी 24 तारीख को भोपाल में होने वाले बड़े आंदोलन में देवास जिले से हजारों कांग्रेसजन शामिल होंगे। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेखा वर्मा, शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा, नजर शेख, सुधीर शर्मा, गुरुचरण सिंह सलूजा, नरेंद्र यादव, विक्रम मुकाती, ज्ञान सिंह दरबार, उमेश झवर, जाहिद पठान, जितेंद्र सिंह गौड़, सुजीत सांगते, जितेंद्र सिंह मोंटू, दीपेश कानूनगो, अजय सिंह राजोदा, अनिल गोस्वामी, शाहिद मोदी, सिद्धार्थ माहुरकर, कैलाश वर्मा, राजा पड़ियार, हरीश गजधर, मंसूर शेख, धीरज कल्याणे, हाफिज घोसी, वसीम हुसैन, प्यारे मियां पठान, दिग्विजय सिंह झाला, कल्लू भाई राष्ट्रीय, इरफान नागौरी, दीपेश हरोड़े, नरेश बैरागी, गुलाब सिंह ठाकुर, साधना प्रजापति, खलील अहमद, नईम अहमद, रईस कामदार, शाहिद भाई, ईश्वर हरोड़े, प्रदीप बनाफर, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र धारू, पंकज धारू, राजेश पाटीदार, ओम राठौर, जानी भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## अलकापुरी में एमपीईबी केबल से गोडाउन में आग

**शॉर्ट सर्किट से लाखों का नुकसान**
**फायर ब्रिगेड ने पाया काबू**



**देवास।** शहर के अलकापुरी क्षेत्र में एमपीईबी की लटकती केबल के कारण एक टीन शेड गोडाउन में आग लग गई। सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

अलकापुरी निवासी महेश के अनुसार, गोडाउन के ऊपर से एमपीईबी की केबल लंबे समय से लटक रही थी। इसकी शिकायत कई बार संबंधित विभाग से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण ही केबल से आग लगी।

### लाखों का सामान खाक

आग में गोडाउन में रखा टीन की चद्दरें, प्लास्टिक पाइप और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई।इससे महेश को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। नुकसान का सटीक आंकलन अभी नहीं हो सका है।

नगर निगम की दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर तेजी से आग पर काबू पाया। समय पर कार्रवाई से आग आसपास के मकानों और अन्य गोदामों तक फैलने से रोक ली गई।

घटना के बाद सिविल लाइन क्षेत्र से जुड़े एमपीईबी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण में पाया गया कि केबल बीच से जली हुई थी। कर्मचारियों का कहना है कि सुबह हुई बारिश के कारण संभवत: शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लगी। जली हुई केबल को मौके से हटा दिया गया है।

## निगम कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर संयुक्त बैठक संपन्न



**देवास।** नगर निगम में कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचार को लेकर नगर निगम के सभी विभाग के कर्मचारी दरोगा साथी और संगठनों की एक संयुक्त रुप से बैठक की संपन्न हुई। बैठक में कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचार के संबंध विस्तृत चर्चा की गई जिसमें सभी ने एक मत होकर संयुक्त रूप से लड़ाई लड़ने के लिए सहमति प्रदान की। बैठक के पश्चात निगम आयुक्त से चर्चा कर उन्हें इस संबंध में अवगत कराया गया। बैठक में निगम कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, दरोगा एवं सभी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अखिल भारतीय समय मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन शहर अध्यक्ष विकास सांगते ने दी।

## होमगार्ड, एसडीआरएफ ने संयुक्त विभागों के साथ की माकड्रिल

**सोनकच्छ।** नगर के समीप ग्राम सांवेर में स्थित एक निजी स्कूल में एसडीआरएफ, होमगार्ड फायर विभाग देवास, स्वास्थ्य, नप, राजस्व ने संयुक्त मॉकड्रिल की। इस ड्रिल में विभागों द्वारा स्कूल में इस ड्रिल को किया व आग से बचाव की जानकारी दी। इस ड्रिल में एसडीएम प्रिया चंद्रावत, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट देवास डॉ.मधु राजेश तिवारी, होम गार्ड/एसडीआरएफ एसआई वीणा कौशल,फायर अधिकारी प्रतीक शर्मा देवास, सनमितसिंह ख़नूजा, यशवंत जोशी , दिनेश पाटीदार व सिविल डिफेंस टीम सोनकच्छ उपस्थित रहे। इनके साथ ही नप व स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

**एक नजर** — कौशलपूर्ण सुशासन, जीवनशैली और राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान पर हुआ सारगर्भित विमर्श

## छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती पर भव्य व्याख्यान आयोजन





**देवास।** श्री क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट द्वारा समाज भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिवाजी महाराज के कौशलपूर्ण सुशासन, आदर्श जीवनशैली, सैन्य रणनीति, प्रशासनिक दक्षता तथा पारंपरिक पहनावे के सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के समन्वयक अध्यक्ष उमेश निम्बालकर ने बताया कि यह व्याख्यान महाराष्ट्र से पधारे प्रख्यात वक्ता श्री संकेत प्रशांत गांगुर्डे द्वारा हिन्दी भाषा में प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित जनसमुदाय ने विषय को गहराई से आत्मसात किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज कार्यकारिणी अध्यक्ष सुभाष शिन्दे, ट्रस्टीय अध्यक्ष प्रमोद जाधव, महिला मण्डल अध्यक्ष अलका जगताप, समाज के वरिष्ठ प्रकाश देशमुख एवं मुख्य वक्ता श्री गांगुर्डे ने छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात अतिथि वक्ता श्री गांगुर्डे का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वातावरण 'जय शिवाजी, जय भवानी' के उद्घोष से गूंज उठा। अपने प्रभावशाली उद्बोधन में श्री गांगुर्डे ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी प्रशासक और राष्ट्रनिर्माता थे। उन्होंने बताया कि शिवाजी महाराज ने न्यायसंगत शासन व्यवस्था स्थापित की, जिसमें प्रजा की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि था। उन्होंने 'अष्टप्रधान मंडल' की प्रशासनिक व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि यह व्यवस्था आज की आधुनिक कैबिनेट प्रणाली का आधार मानी जा सकती है। शिवाजी महाराज ने महिलाओं के सम्मान, धार्मिक सहिष्णुता और किसान हितों की रक्षा को प्राथमिकता दी। उनके शासनकाल में किसी भी प्रकार के अत्याचार को कड़ी सजा दी जाती थी। श्री गांगुर्डे ने शिवाजी महाराज की जीवनशैली और पहनावे को भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि उनका परिधान केवल राजसी वैभव का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि उसमें मराठा परंपरा, सैन्य तत्परता और सांस्कृतिक गौरव की झलक मिलती थी। पगड़ी, अंगरखा, कमरबंध और शस्त्र धारण की शैली युवाओं के लिए आज भी प्रेरणास्रोत है। व्याख्यान वक्ता श्री गांगुर्डे ने शिवाजी महाराज के प्राचीन चित्रों के माध्यम से भी श्रोताओं को जानकारी दी। व्याख्यान के दौरान आकर्षक रूप से छत्रपति शिवाजी महाराज की रांगोली कलाकार मनोज पंवार द्वारा तैयार की गई। श्री पंवार का समाजजनों ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर एवं दुपट्टा ओढाकर सम्मानित किया। अंत में आभार राजेन्द्र लाड ने माना। इस अवसर पर अभा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, पं. आदित्य दुबे, मराठा समाज महिला मण्डल अध्यक्ष अलका जगताप, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नगर प्रमुख मनीष महेश्वरी, कुर्मी पाटीदार समाज के राजेन्द्र पटेल, सिख समाज से गुरू चरणजीत सलूजा, सिख समाज अध्यक्ष जगदीश खनूजा, उदयसिंह पवार, नरेन्द्र पिसाल, विनोद वारे, राजेन्द्र खानविलकर, राजेश शैळके, माधवराव डमडेरे, चंद्रकांत जगताप, रोहिणी भौंसले, श्यामराव बोराड़े शकुंतला झामरे, मनोज पंवार, दीपक काले, भालचंद्र ताकोने, गजानन देशमुख सहित सर्वसमाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जानलेवा हमले के आरोपी को 10 साल का कारावास व 3 हजार के अर्थदंड से किया दंडित

**सोनकच्छ।** 20 फरवरी 25 की रात्रि में नगर के वार्ड क्रमांक 14 में एक व्यक्ति ने जानलेवा हमला करते हुए 3 लोगों को घायल कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस ने चालान बनाकर न्यायालय में पेश किया था।

जहां से एक साल चली सुनवाई में न्यायाधीश ने आरोपी को 10 साल की सजा व 3 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के मुताबिक 20 फरवरी 25 को फरियादी राजू (18) पिता राजेंद्र मालवीय निवासी ग्राम भागसरा हाल मुकाम वार्ड 14 सोनकच्छ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजू एक पेट्रोल पंप पर काम करता है। 20 फरवरी की रात्रि 8.45 बजे राजू पंप से खाना खाने घर आया था। तब घर के सामने से आरोपी रमेश मालवीय निकला व गालियां देते हुए धमकी देने लगा। बोला कि मेरे लड़के से राखी-धागे की बहन को तुमने पहले भगाया था। आज तुम्हें चाकू मारूंगा। जब फरियादी टिफिन लेकर बाइक पर बैठकर पंप जाने लगा तब रमेश तलवार लेकर दौड़ा तो वह बाइक छोड़कर भागा। तभी फरियादी के पिता राजेंद्र सामने से आ रहे थे। रमेश ने उन्हें जान से मारने की नियत से तलवार की सिर में मारी। वे जमीन पर गिर गए। दोबारा रमेश ने तलवार मारी। आवाज सुनकर दादाजी पीरूलाल दौड़कर आए तो रमेश ने उन्हें भी तलवार मारकर घायल कर दिया था। फरियादी ने बीच बचाव करने गया तो उसने तलवार से मारकर घायल कर दिया था।

पुलिस ने जानलेवा हमले की धाराओं में केस दर्ज कर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राघवेंद्रसिंह चौहान के समक्ष प्रस्तुत किया। एक साल चली इस प्रकरण की सुनवाई में न्यायाधीश ने आरोपी को 10 साल की सजा व 3 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से पैरवी गजराजसिंह कुशवाह का रहा व विशेष सहयोग कोर्ट मुंशी रणजीतसिंह पाटीदार व वारंट तामील आरक्षक मोना ठाकुर का रहा।